# असम बाढ़

## प्रलिम्सि के लयि:

बाढ़, भूस्खलन, ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, भारत की स्थलाकृति

## मेन्स के लयि:

बाढ़ के कारण, जीवन और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, नपिटने के उपाय, आपदा प्रबंधन नकिाय

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में असम में आई बाढ़ के कारण 50 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई और 360,000 लोग विस्थापित हो गए।

- बाढ़ के कारण 40,000 हेक्टेयर से अधिक फसलें और 130 जंगली जानवर प्रभावित हुए हैं।

## बाढ़ क्या है?

- **परिचय:**
  - बाढ़ प्राकृतिक आपदा का सबसे प्रमुख प्रकार है और यह तब होता है **जब पानी का अतिप्रवाह भूमि** को जलमग्न कर देता है जो आमतौर पर सूखी होती है।
  - वर्ष 1998-2017 के बीच, बाढ़ के कारण दुनिया भर में 2 बिलियन लोग प्रभावित हुए हैं।
- **कारण:**
  - ये अक्सर भारी **वर्षा**, **तेज़ी से बर्फ पिघलने या तटीय क्षेत्रों में उष्णकटिबंधीय चक्रवात या सुनामी** से उत्पन्न तूफानी लहरों के कारण होते हैं।
- **बाढ़ के प्रकार:**
  - **आकस्मिक बाढ़:** ये तीव्र और अत्यधिक वर्षा के कारण होते हैं, **जिससे जल स्तर तेज़ी से बढ़ता है तथा नदियाँ, नाले, चैनल या सड़कें जलमग्न हो जाती हैं।**
  - **नदी द्वारा बाढ़:** ऐसा तब होता है जब लगातार **बारिश या बर्फ पिघलने से नदी** का जलस्तर अपनी क्षमता से अधिक हो जाता है।
  - **तटीय बाढ़:** ये उष्णकटिबंधीय **चक्रवातों और सुनामी** से संबंधित तूफानी लहरों के कारण होते हैं।
- **भारत में बाढ़ की स्थिति:**
  - भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 329 मिलियन हेक्टेयर है, जिसमें से **40 मिलियन हेक्टेयर** से अधिक **बाढ़-प्रवण** क्षेत्र है।
  - बाढ़ से होने वाली क्षति में वृद्धि देखी गई है, वर्ष 1996-2005 के बीच बाढ़ से होने वाली औसत वार्षिक क्षति 4745 करोड़ रुपए थी, जबकि पिछले 53 वर्षों में यह 1805 करोड़ रुपए थी।

**भारत में बाढ़ प्रवण क्षेत्र:**

//




## बाढ़ के लयि NDMA दशिा-नर्िदेश:

- **बाढ़ से नपिटने की तैयारी:**
  - बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में नर्मिाण करने से बचें, **जब तक कि आप अपने घर को ऊँचा और मज़बूत न कर लें।**
  - अगर बाढ़ आने की आशंका हो तो **भट्टी, वॉटर हीटर और बजिली के पैनल को ऊँचा रखें।**
  - बाढ़ के पानी के बैकअप को रोकने के लयि **सीवर ट्रैप में चेक वाल्व लगाएँ।**
  - अपने क्षेत्र में बनाए जा रहे बाढ़ अवरोधों के बारे में अधकिारयिों से संपर्क करें।
  - **बेसमेंट की दीवारों को वॉटरप्रूफगि यौगकिों** से सील करें।

- **बाढ़ की संभावना कब होती है?**
  - सूचना के लयि रेडयिो/टीवी सुनें।
  - अचानक बाढ़ आने के प्रतसिचेत रहें, **यद िखतरा हो तो तुरंत ऊँचे स्थान पर चले जाएँ।**
  - **अचानक बाढ़ आने वाले क्षेत्रों के प्रतसिचेत रहें।**
- **यद िनिकासी हो रही है तो:**
  - अपने घर को सुरक्षति रखें- **बाहर का फर्नीचर अंदर ले आएँ**, सामान ऊपर की मंज़लि पर ले जाएँ।
  - यद िनिर्देश दयिा गया हो तो **बजिली के उपकरणों को बंद कर दें।**
  - **बहते बाढ़ के पानी में न चलें और न ही गाड़ी चलाएँ।**

## असम में नयिमति बाढ़ के क्या कारण हैं?

- **नदयिों की बड़ी संख्या:**
  - असम में 120 से अधकि नदयिाँ हैं, **जनिमें से कई अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के साथ-साथ** चीन तथा भूटान के अत्यधकि वर्षा वाले क्षेत्रों की पहाड़यिों एवं पर्वतों से नकिलती हैं।
  - असम से होकर बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी असम के नचिले इलाकों में पहुँचते ही भारी मात्रा में तलछट जमा कर लेती है, जसिसे **इसकी गत िधीमी हो जाती है और तलछट तथा मलबा जमा** हो जाता है।
    - गर्मयिों में ग्लेशयिर पघिलने से मट्टिी के कटाव के कारण अवसादन तेज़ हो जाता है।
- **मानसून:**
  - पूर्वोत्तर में [मानसून](#) तीव्र है। **राज्य आपदा प्रबंधन प्राधकिरण** के अनुसार, वार्षकि वर्षा औसतन **2900 ममिी.** होती है, जसिमें **अधकितम वर्षा जून और जुलाई** में होती है।
    - असम सरकार के आँकड़ों के अनुसार, **ब्रह्मपुत्र बेसनि में वार्षकि वर्षा का 85%** मानसून के महीनों के दौरान होता है।
  - अप्रैल और मई में भी यहाँ अच्छी मात्रा में वर्षा होती है, क्योंक [तूफान (कालबैसाखी)](#) के कारण जून में भारी बारशि के दौरान बाढ़ आ जाती है।
- **जलवायु परविर्तन:**
  - ग्लोबल वार्मगि और जलवायु परविर्तन के कारण तब्बिती पठार में **ग्लेशयिरों तथा बर्फ की परतों** के पघिलने से **ब्रह्मपुत्र नदी** में **जल प्रवाह बढ़ रहा** है, जसिसे असम जैसे नचिले क्षेत्रों में बाढ़ की समस्या बढ़ रही है।
- **मानव हस्तक्षेप:**
  - **तटबंधों का नर्िमाण:** असम में बाढ़ को नयिंत्रति करने के लयि तटबंधों का नर्िमाण पहली बार 1960 के दशक में शुरू हुआ था। हालाँकि छिह दशक बाद, इनमें से ज़्यादातर तटबंध या तो **अपनी उपयोगिता खो चुके हैं या फरि खराब हालत में हैं।**
  - **जनसंख्या वृद्धि:** जनसंख्या वृद्ध िने राज्य की पारस्थितिकी पर अधकि दबाव डाला है।
    - **ब्रह्मपुत्र बोर्ड की एक रपिोर्ट के अनुसार,** वर्ष 1940-41 में ब्रह्मपुत्र घाटी का जनसंख्या घनत्व **9-29 व्यक्त िप्रत िवर्ग कमिी.** से बढ़कर [2011 की जनगणना](#) के अनुसार असम के मैदानी इलाकों में **398 प्रत िवर्ग कमिी. हो** गया है। इसके कारण नदी बेसनि क्षेत्रों में मानव बस्तयिाँ बाढ़ के प्रत िअधकि संवेदनशील हो गई हैं।
  - **झूम कृषि:** इसे [स्थानांतरति कृषि](#) के नाम से भी जाना जाता है, इसमें कटाई-छंटाई और जलाने की प्रथा शामलि है, जो मट्टिी की सुरक्षात्मक परत को हटा देती है, **जसिसे कटाव में तेज़ी आती है और पानी सोखने की क्षमता कम हो जाती** है। मट्टिी और पौधों की सामग्री का बहाव नदी घाटयिों में अवसादन में योगदान देता है।

## असम में बाढ़ के क्या परणिाम होंगे?

- **वन्यजीवों की हानि:** बाढ़ के कारण 130 से अधकि जंगली जानवरों की मृत्यु हो गई है, जनिमें **असम के** [काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान](#) में कम-से-कम 6 दुर्लभ एक सींग वाले गैंडे शामलि हैं। अन्य जानवरों में 117 हॉग हरिण, 2 सांभर हरिण, एक रीसस मकाक और एक ऊदबलिाव शामलि हैं।
  - **काजीरंगा वशि्व में एक सींग वाले गैंडों की सबसे बड़ी आबादी का आवास है।**
- **बुनयिादी ढाँचे की क्षति:** बाढ़ के कारण सड़कों और अन्य बुनयिादी ढाँचे की व्यापक क्षत िहुई है जसिसे बचाव तथा राहत प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई।
- **नागरकिों का वस्थिापन:** असम में बाढ़ के कारण 2 मलियिन से अधकि लोग वस्थिापति हुए जनिमें से कई नागरकिों नें राहत शवरिों में शरण ली। इससे संसाधनों तथा प्रबंधन पर बोझ और बढ़ जाता है।

## भारत में बाढ़ प्रबंधन के लयि क्या कदम उठाए गए हैं?

- [राष्ट्रीय बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (NFMP)](#): इसे वर्ष 1954 में **राज्यों को** भौगोलकि स्थतियिों और संसाधन बाधाओं पर वचिार करते हुए **स्थल-वशिष्टि वकिल्प** चुनने के लयि एक लचीला ढाँचा प्रदान करने के लयि शुरू कयिा गया था। यह संरचनात्मक (बाँध, तटबंध) और गैर-संरचनात्मक (बाढ़ मैदानों का परक्षित्रण) दोनों उपायों पर ज़ोर देता है।
- **राष्ट्रीय बाढ़ आयोग (1976):** इसने बाढ़ नयिंत्रण के लयि एक एकीकृत दृष्टकिोण स्थापति कयिा जसिमें वैज्ञानकि वशि्लेषण और राष्ट्रीय नयिोजन को प्राथमकिता दी गई।
- [राष्ट्रीय जल नीत ि(2012)](#): यह नीत िबाढ़ के दौरान बाढ़ कुशन बनाने और **अवसाद को कम करने** के लयि **जलाशय** के योजनाबद्ध उपयोग पर

आधारित है। बाढ़-प्रवण क्षेत्रों में विनियमित विकास के लिये बाढ़ मैदानों का परिक्षेत्रण करने पर ज़ोर दिया जाता है।

- **राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना (2016):** यह परियोजना सभी स्तरों (राज्य, ज़िला, गाँव) पर सुलभ पर वास्तविक समय के हाइड्रो-मौसम संबंधी डेटा के माध्यम से बाढ़ का सटीक पूर्वानुमान करती है।
- **बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (FMBAP):** यह कार्यक्रम नदियों में अवसाद को कम करने के लिये जलग्रहण क्षेत्र उपचार पर ध्यान केंद्रित करता है जिससे उनकी वहन क्षमता बढ़ती है और अतिप्रवाह कम होता है।
- **बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण:** इस रणनीति का उद्देश्य बाढ़-प्रवण क्षेत्रों का सीमांकन करना और अतिक्रमण को रोकने तथा क्षति को कम करने के लिये भूमि उपयोग को विनियमित करना है।
- **बाढ़ प्रूफिंग:** संवेदनशील बस्तियों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के स्तर को बाढ़ के स्तर से ऊपर उठाने से क्षति की संभावना को कम किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF)

- यह **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के तहत गठित एक भारतीय विशेष बल है।
- भारत में आपदाओं के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी **राज्य सरकारों** की है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन के लिये केंद्र सरकार में 'नोडल मंत्रालय' गृह मंत्रालय (MHA) है।
- यह प्रशिक्षित पेशेवर इकाइयों को संदर्भित करता है जिन्हें आपदाओं के दौरान विशेष प्रबंधन के लिये नियोजित किया गया है।

## आगे की राह

- **प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली:** बाढ़ के अनुकूल **नई प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया प्रणालियों की आवश्यकता** है। बेहतर तैयारी और निवासियों को सचेत करने के लिये विश्वसनीय जानकारी प्रदान करना आवश्यक है।
  - **वर्ष 2021** में **एक संसदीय पैनल** ने उन्नत वैदर स्टेशन और सायरन संस्थापित कर बाढ़ चेतावनी प्रणालियों को आधुनिक बनाने का सुझाव दिया।
- **उन्नत बुनियादी ढाँचा:** उत्कृष्टता से डिज़ाइन किये गए बुनियादी ढाँचे के साथ-साथ **जल निकासी प्रणालियों में निवेश करने से भारी वर्षा के दौरान अतिरिक्त जल का प्रबंधन करने में सहायता** प्राप्त हो सकती है।
  - नदियों तथा नहरों में जल स्तर के साथ-साथ प्रवाह दर को नियंत्रित करने वाले **स्लुइस गेटों का निर्माण ब्रह्मपुत्र और अन्य नदियों की सहायक नदियों पर** प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिये।
- **सहयोगात्मक प्रयास: राज्य और केंद्र सरकारों के बीच सहयोग में सुधार** करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संसाधन तथा प्रयास प्रभावी रूप से स्थायी बाढ़ प्रबंधन समाधानों पर केंद्रित हों।
  - ब्रह्मपुत्र नदी में बाढ़ को रोकने के लिये चीन के साथ **जल विज्ञान संबंधी आँकड़ों के द्वपिक्षीय आदान-प्रदान को मज़बूत करने की आवश्यकता** है।
- **सतत् भूमि प्रबंधन:** इसमें बाढ़ के मैदानों में निर्माण से बचना, **उत्खनन के साथ ही वनों की कटाई को रोकने हेतु प्रभावी तरीकों** को बढ़ावा देना और साथ ही परिदृश्य को स्थिर करने एवं तलछट के भार को कम करने के लिये नदी के किनारों पर मिट्टी के कटाव को नियंत्रित करना शामिल है।
- **बाढ़ प्रबंधन/कटाव नियंत्रण पर टास्क फोर्स, 2004 की सिफारिशों को लागू करना:**
  - **उच्च निवेश:** तटबंधों के रखरखाव हेतु **अतिरिक्त केंद्रीय सहायता के रूप में राज्यों को धनराशि** प्रदान करना।
    - केंद्र सरकार जलाशय परियोजनाओं के बाढ़ नियंत्रण घटक के वित्तपोषण पर विचार कर सकती है।
  - **भूमिका का विस्तार:** बाढ़ नियंत्रण क्षेत्र में **केंद्र सरकार की भूमिका का विस्तार** करना।
    - बाढ़ नियंत्रण योजनाओं को वर्तमान **75:25 के अनुपात में 90% केंद्र और 10% राज्य के अनुपात में केंद्र प्रायोजित योजना के माध्यम से वित्तपोषित** किया जाना चाहिये।

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** असम की विशिष्ट स्थलाकृति, जलवायु तथा सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियाँ बाढ़ जैसी आपदाओं के प्रति इसकी संवेदनशीलता में वृद्धि करती हैं। टिप्पणी कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन-सी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी/नदियाँ है/हैं? (2016)**

1. दिबांग
2. कामेंग
3. लोहित

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. तीस्ता नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2017)**

1. 1- तीस्ता नदी का उद्गम वही है जो ब्रह्मपुत्र का है लेकिन यह सिक्किम से होकर बहती है।
2. 2- रंगीत नदी की उत्पत्ति सिक्किम में होती है और यह तीस्ता नदी की एक सहायक नदी है।
3. 3- तीस्ता नदी, भारत एवं बांग्लादेश की सीमा पर बंगाल की खाड़ी में जा मिलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/assam-floods-2